Member of Parliament Local Area Development Scheme

भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
सरदार पटेल भवन, नई दिल्ली-110001

सत्यमेव जयते

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF STATISTICS & PROGRAMME IMPLEMENTATION
SARDAR PATEL BHAWAN, NEW DELHI-110001
FAX : 011-23364197
E-mail : mplads@nic.in

फा. सं. सी/16/2009-एमपीलैड्स

Dated दिनांक: 16 अप्रैल, 2013

सेवा में,

1. आयुक्त
   नगर निगम कोलकाता/चेन्नई/दिल्ली
2. सभी जिला कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट/उपायुक्त

विषयः **एमपीलैड्स दिशानिर्देशों में संशोधन-कार्यान्वयन एजेंसी (पैरा 2.11)**

महोदय/महोदया,

एमपीलैड्स दिशानिर्देशों के पैरा 2.11 में निम्नानुसार संशोधन करने का निर्णय लिया गया हैः-

2.11 **कार्यान्वयन एजेंसी**

(क) जिला प्राधिकारी उपयुक्त कार्यान्वयन एजेंसी का चयन करेगा जिसके माध्यम से संसद सदस्य द्वारा संस्तुत किसी कार्य विशेष को निष्पादित किया जाएगा ।

(ख) कार्यान्वयन एजेंसी का चयन इस प्रयोजनार्थ राज्य सरकार के नियमों/दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाएगा । बशर्ते कि कतिपय केन्द्र सरकार के मंत्रालयों/संगठनों (जैसे रेलवे) में कतिपय कार्यों के संबंध में जहां कार्यान्वयन एजेंसी आवश्यक रूप से केन्द्र सरकार का संबंधित मंत्रालय/संगठन होगी, कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में उसी का चयन किया जाएगा ।

2. इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया गया है ।

भवदीय,

RRajesh

(आर. राजेश)

प्रतिलिपि सूचनार्थः

1. सभी माननीय सदस्य (लोक सभा/राज्य सभा)
2. सचिव, नोडल विभाग, एमपीलैड्स से संबंधित, (सभी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र)
3. एमपीलैड्स संबंधी राज्य सभा समिति, राज्य सभा सचिवालय, नई दिल्ली ।
4. एमपीलैड्स संबंधी लोक सभा समिति, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली ।
5. एमपीलैड्स प्रभाग के सभी संबंधित अधिकारी ।
6. एनआईसी को एमपीलैड्स वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए ।